# डी.ए .वी. पब्लिक स्कूल ,वेलचेरी, चेन्नई

## सर्तकता जागरूकता दिवस समारोह 2025

डी.ए .वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई ने 29 अक्टूबर 2025 को सर्तकता जागरूकता दिवस बड़े उत्साह और ज़िम्मेदारी के साथ मनाया। इस अवसर पर कक्षा सातवीं से दसवीं तक के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इस समारोह का उद्देश्य छात्र–छात्राओं में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक आचरण को बढ़ावा देना था जो एक न्यायपूर्ण और भ्रष्टाचार-मुक्त समाज के निर्माण के मूल्यों को दर्शाता है। कक्षा सातवीं से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। युवा कलाकारों ने ईमानदारी, अच्छे शासन और जागरूक नागरिक होने के महत्त्व जैसे विषयों पर विचारशील पोस्टर बनाए। उनकी कलाकृति में नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका की गहरी समझ को दर्शाया गया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने संकल्प ग्रहण किया, जिसमें उन्होंने जीवन के हर पहलू में सत्य और निष्पक्षता को बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। संकल्प के सामूहिक पाठ ने सच्चाई और दृढ़ संकल्प का वातावरण बनाया।

# डी.ए .वी. पब्लिक स्कूल ,वेलचेरी, चेन्नई

## सर्तकता जागरूकता दिवस समारोह 2025







संकल्प ग्रहण करते हुए विद्यार्थीवृंद





पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता